फा.सं. 10-07/2019-प्रशि.(पार्ट-I)

**भारत सरकार**
Government of India
**केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो**
Central Translation Bureau
**राजभाषा विभाग : गृह मंत्रालय**
Deptt. of Official Language : Ministry of Home Affairs

पं0 दीनदयाल अंत्योदय भवन,
Pt. Deen Dayal Antodaya Bhawan,
8वां तल, केंद्रीय कार्यालय परिसर,
8th Floor. CGO Complex,
लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
Lodhi Road, New Delhi-110003

**दिनांक : 13 फरवरी, 2025**

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : केंदीय अनुवाद ब्यूरो, अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र, मुंबई/बेंगलुरू/कोलकाता में सलाहकार (अनुवाद/प्रशिक्षण) के नियुक्ति संबंधी।**

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के अधीनस्थ कार्यालय केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र, मुंबई/बैंगलूरू/कोलकाता में संयुक्त निदेशक के पद के समक्ष 03 सलाहकार (मुंबई-01, बैंगलूरू-01 एवं कोलकाता-01) की नियुक्ति हेतु सेवानिवृत्त अधिकारियों (संयुक्त निदेशक या समकक्ष अथवा उससे उच्च स्तर के अधिकारी) से निर्धारित प्रोफार्मा में (अनुलग्नक-I) नीचे दिए गए विवरण के अनुसार पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | सलाहकार(अनुवाद-प्रशिक्षण) |
| 2 | कंसल्टेंसी की अवधि | प्रारंभ में 01 वर्ष के लिए।<br>निष्पादन का मूल्यांकन, पारस्परिक सहमति और आवश्यकता के आधार पर अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है या कभी भी समाप्त किया जा सकता है। |
| 3 | कार्य की प्रकृति | 1. चयनित उम्मीदवार को केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो मुंबई/बैंगलूरू/कोलकाता में सलाहकार के रूप में कार्य करना होगा और केंद्रीय सरकार के कार्मिकों को अनुवाद प्रशिक्षण प्रदान करना होगा।<br>2. प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य। |
| 4 | कार्य का स्थान | 1. केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, केंद्रीय सदन, छठी मंजिल, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400614<br>2. केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, केंद्रीय सदन, 5 वां तल, कोरमंगला, बैंगलूरू-560034<br>3. केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, 18वां तल, निजाम पैलेस परिसर, 234/4, आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड, कोलकाता-700020 |
| 5 | योग्यता/आवश्यक मानदंड | • आवेदक की सेवानिवृत्ति संयुक्त निदेशक लेवल 12 या समकक्ष और उससे उच्च स्तर का अधिकारी होना चाहिए। |

| | | |
|---|---|---|
| | | आवेदक को प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों का अनुभव होना चाहिए और उनकी आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>**आवश्यक:-**<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक **विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी में मास्टर की उपाधि,**<br>या<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी के साथ अंग्रेजी में मास्टर की उपाधि,<br>या<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी विषय में हिंदी माध्यम के साथ मास्टर की उपाधि,<br>या<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी विषय में अंग्रेजी माध्यम के साथ मास्टर की उपाधि,<br>या<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी और अंग्रेजी या इन दोनों में से कोई एक परीक्षा के माध्यम और दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हो, के साथ हिंदी और अंग्रेजी के अलावा किसी विषय में मास्टर की उपाधि<br>**वांछनीय:-**<br>आवेदक को कम्प्यूटर की जानकारी भी होनी चाहिए। |
| 6 | पारिश्रमिक और हकदारी | • पारिश्रमिक (Remuneration):-<br>सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त वेतन से मूल पेंशन की कटौती करके एक निर्धारित मासिक राशि दी जाएगी। यह निर्धारित पारिश्रमिक की राशि अनुबंध की अवधि के दौरान अपरिवर्तित रहेगी। अनुबंध की अवधि के दौरान कोई वार्षिक वेतन वृद्धि/प्रतिशत वृद्धि नहीं होगी।<br>• परिवहन भत्ता (Transport Allowance):-<br>आवास और कार्यस्थल के बीच यात्रा के उद्देश्य के लिए एक उपयुक्त और निश्चित परिवहन भत्ता निर्धारित किया जाएगा, जो सेवानिवृत्ति के समय पर संबंधित व्यक्ति पर लागू दर से अधिक नहीं होगा। यह निर्धारित |

| | | |
|---|---|---|
| | | हालांकि, परामर्शदाता के रूप में नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय उनकी पात्रता के अनुसार आधिकारिक दौरे पर यात्रा भत्ता(DA), यदि कोई हो, दिया जा सकता है।<br>• अनुपस्थिति संबंधी अवकाश (Leave of absence):-<br>सेवा के प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 1.5 दिन की दर से भुगतान अवकाश दिया जा सकता है। एक कैलेंडर वर्ष से अधिक अवकाश का संचय नहीं किया जाएगा।<br>• नियुक्ति की अवधि (Term of appointment):-<br>नियुक्ति की अवधि सामान्यत: एक वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। यदि पर्याप्त कारण हो तो सेवानिवृत्त होने के बाद कार्य की समीक्षा और अनुबंध पर नियुक्त व्यक्ति के प्रदर्शन के आधार पर, दो वर्ष से अधिक अवधि बढ़ाई जा सकती है, बशर्ते की यह अवधि सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्षों के बाद नहीं बढ़ाई जाएगी। |
| 7 | आवेदन कैसे करें | • इच्छुक आवेदक विहित प्रपत्र में निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली को अपनी रूचि दिखाते हुए आवेदन कर सकते है।<br>• राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय आवेदनों की समीक्षा करेगा और उपर्युक्त पाए जाने वाले उम्मीदवारों को मंत्रालय में साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है।<br>• साक्षात्कार पत्र में साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थल के बारे में अवगत कराया जाएगा। |

आवेदन पत्र स्वीकार करने की तिथि परिपत्र की जारी करने की तारीख से 30 दिन है। निर्धारित तिथि के बाद या निर्धारित दस्तावेजों के बिना या अधूरी पाए गए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र नहीं होने पर आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

12/2/25

**(दिनेश कुमार झा)**
**प्रशासनिक अधिकारी**

प्रतिलिपि:-

1. श्री केवल कृष्ण, वरिष्ठ तकनीकी सहायक सलाहकार, राजभाषा विभाग को इस अनुरोध के साथ कि वे इसे राजभाषा विभाग/केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।
2. निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के निजी सहायक।
3. अवर सचिव(प्रशिक्षण), राजभाषा विभाग, एनडीसीसी-।। भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।

अनुलग्नक-।

अपना पासपोर्ट
का आकार
फोटो यहां
चिपकाएं

केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र मुबई/बेंगलुरु/कोलकाता में सलाहकार (अनुवाद प्रशिक्षण) के पद के लिए आवेदन प्रपत्र

1. नाम:
2. जन्म तिथि:
3. लिंग:
4. शैक्षिक योग्यता:
5. मोबाइल नंबर:
6. ई-मेल आईडी
7. आधार नंबर पैन नं.
   (छायाप्रति संलग्न करें)
8. पेंशन पेमेंट आर्डर नं. (PPO No.)
   (छायाप्रति संलग्न करें)
9. कालानुक्रमिक रुप से रोजगार का विवरण (अगर नीचे स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें)

| विभाग/संस्था/संगठन | धारित पद | कब से | कब तक | परिलब्धियां | निष्पादित कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

10. पाठ्यक्रमों/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी का विवरण, यदि कोई हो:-
11. भाषाओं का ज्ञान:
12. पिछली कंसल्टेंसी का विवरण, यदि कोई हो:
13. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे । यदि आवश्यक हो, तो एक अलग शीट संलग्न करे ।
14. यदि कोई टिप्पणी हो;

(उम्मीदवार का हस्ताक्षर)

पता: